# ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय

कामेश्वरनगर, दरभंगा–846004

## अभिषद् की बैठक दिनांक 22.02.2024 का कार्यवृत्त

समयः– 02:30 बजे अपराह्न
माध्यम – ऑफलाईन एवं ऑनलाईन।
उपस्थितिः–

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | प्रो0 संजय कुमार चौधरी, कुलपति | – | अध्यक्ष |
| 2. | डॉ0 बैद्यनाथ चौधरी | – | सदस्य |
| 3. | डॉ0 गोपालजी ठाकुर | – | सदस्य |
| 4. | प्रो0 अजय नाथ झा | – | सदस्य |
| 5. | प्रो0 विजय कुमार यादव | – | सदस्य |
| 6. | डॉ0 दिलीप कुमार चौधरी | – | सदस्य |
| 7. | प्रो0 अशोक कुमार मेहता | – | सदस्य |
| 8. | डॉ0 विजय कुमार मिश्रा, प्रधानाचार्य | – | सदस्य |
| 9. | डॉ0 रूपकला सिन्हा, प्रधानाचार्य | – | सदस्य |
| 10. | प्रो0 शाहिद हसन, विभागाध्यक्ष | – | सदस्य |
| 11. | डॉ0 नौशाद आलम, विभागाध्यक्ष | – | सदस्य |
| 12. | डॉ0 अमर कुमार | – | सदस्य |
| 13. | श्रीमती मीना कुमारी | – | सदस्य |
| 14. | डॉ0 धनेश्वर प्रसाद सिंह | – | सदस्य |
| 15. | श्री सुजीत पासवान | – | सदस्य |
| 16. | डॉ0 हरिनारायण सिंह | – | सदस्य |
| 17. | डॉ0 अजय कुमार पंडित, कुलसचिव | – | सचिव |

माननीय अध्यक्ष महोदय द्वारा गणापूर्ति की सूचना कुलसचिव से मांगी गई। कुलसचिव ने सूचित किया कि आज की बैठक के लिए गणपूर्ति पूरी हो चुकी है, इसलिये माननीय अध्यक्ष से अनुरोध है कि बैठक की कार्यवाही प्रारम्भ करने की अनुमति दी जाय। कुलपति–सह–अध्यक्ष से अनुमति प्राप्ति उपरान्त कुलसचिव–सह–सचिव सभी आगत सम्मानित सदस्यों का स्वागत करते हुए बैठक की कार्यवाही प्रारंभ की। सर्वप्रथम डॉ0 गोपालजी ठाकुर ने, माननीय अध्यक्ष महोदय के योगदान के अल्पकाल में ही यहाँ के समाज की समस्याओं के प्राथमिकताओं में शामिल विषय यथा दूरस्थ शिक्षा निदेशालय के विभिन्न समस्याओं एवं नामांकन अवरोध जल्द समाप्ति हेतु ठोस पहल/चन्द्रधारी मिथिला विधि महाविद्यालय की संचालन की विभिन्न समस्याओं के निदान/ ए0पी0जे0 अब्दुल कलाम महिला प्रौद्योगिकी संस्थान की समस्याओं का त्वरित समाधान के दिशा में हुए सकारात्मक कार्य के लिए समस्त मिथिला एवं अभिषद् की ओर धन्यवाद ज्ञापित किया। डॉ0 बैद्यनाथ चौधरी ने नए परीक्षा नियंत्रक का परिचय सदन को दिए जाने हेतु आग्रह किया परिचयोपरान्त, अभिषद् की ओर से परीक्षा नियंत्रक का स्वागत किया गया। तदुपरान्त बैठक की विधिवत कार्यवाही प्रारम्भ की गई।

**निम्नांकित मदों पर विचार किया जायः–**

**मद सं0 1.** अभिषद् की गत बैठक दिनांक 17.02.2024 के कार्यवृत्तों के सम्पुष्टि पर विचार।



Scanned with OKEN Scanner

| | |
|---|---|
| निर्णयः | अभिषद् की गत बैठक दिनांक 17.02.2024 के कार्यवृत्त के मद सं0 6 में लिए गये निर्णय के आलोक में निर्णय लिया गया कि सभी के द्वारा संपादित किए गये कार्य एवं इसी तरह के अन्य कर्मियों के मामले में बकाये का भुगतान कर दिया जाय। अन्य सभी आवश्यक मामले के लिए जो त्रि–सदस्यीय जॉच समिति गठित है उसके प्रतिवेदन के अनुसार ही अग्रेत्तर कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। अन्यान्य मद सं0 2 के निर्णय में टंकित पी0पी0टी0 मोड को पी0पी0पी0 **(Public Private Partnership)** मोड पढ़ा जाय उक्त संशोधनों के साथ सम्पूर्ण कार्यवृत्त को संपुष्ट किया गया। |
| मद सं0 2. | विद्वत परिषद् की गत बैठक दिनांक 18.02.2024 के कार्यवृत्त के अनुमोदन पर विचार। |
| निर्णयः | सर्वसम्मति से, विद्वत परिषद् की बैठक दिनांक 18.02.2024 के कार्यवृत्त को अनुमोदित किया गया। |
| मद सं0 3. | वित्त समिति की बैठक दिनांक 19.02.2024 एवं 21.02.2024 के कार्यवृत्त के अनुमोदन पर विचार। |
| निर्णयः | सर्वसम्मति से, वित्त समिति की बैठक दिनांक 19.02.2024 एवं 21.02.2024 के कार्यवृत्त को अनुमोदित किया गया। साथ ही यह भी निर्णय लिया गया कि वित्त समिति की बैठक के आलोक में वित्तीय परामर्शी को जितने भी लंबित भुगतान की विवरणी दी गई है उनसभी का भुगतान सुनिश्चित किया जाय। |
| मद सं0 4. | परीक्षा परिषद् की बैठक दिनांक 17.02.2024 एवं दिनांक 21.02.2024 के कार्यवृत्तों के अनुमोदन पर विचार। |
| निर्णयः | परीक्षा परिषद् की आपात बैठक दिनांक 17.02.2024 के कार्यवृत्त को अनुमोदित किया गया तथा परीक्षा परिषद की बैठक दिनांक 21.02.2024 के कार्यवृत्त के मद सं0 1 में छात्रहित को देखते हुए पूर्व के कार्यरत एजेंसी एन0सी0सी0एफ0 पटना से संबंधित समस्याओं पर सभी आवश्यक निर्णय लिए जाने हेतु माननीय कुलपति महोदय को सर्वसम्मति से अधिकृत किया गया। उक्त संशोधनों के साथ परीक्षा परिषद् की दिनांक 21.02.2024 के कार्यवृत्त को सर्वसम्मति से अनुमोदित किया गया। |
| मद सं0 5. | "पद–सृजन, अन्तर्लीनीकरण एवं सेवा सम्पुष्टि समिति" की बैठक दिनांक 20.02.2024 के कार्यवृत को अभिषद् के अनुमोदन पर विचार। |
| निर्णयः | पद–सृजन, अन्तर्लीनीकरण एवं सेवा सम्पुष्टि समिति" की बैठक दिनांक 20.02.2024 के कार्यवृत के अन्यान्य मद सं0 2 चन्द्रधारी मिथिला विधि महाविद्यालय के पद–सृजन पर विमर्श किया गया। माननीय अध्यक्ष महोदय द्वारा सदन को सुचित किया गया कि उक्त महाविद्यालय के संचालन से संबंधित समस्याओं के संबंध में आदेश दिनांक 05.02.2024 के द्वारा एक समिति गठित है, जिसके संयोजक महाविद्यालय के प्रभारी प्रचार्य हैं, जो बैठक में माननीय सदस्य के रूप में उपस्थित हैं। तदोपरान्त, सर्वसम्मति से, गठित समिति को निर्देशित किया गया कि जॉच प्रतिवेदन पर निर्णय लिए जाने हेतु अभिषद् की अगली बैठक में विचारार्थ रखी जाय। अन्य मदों पर सदस्यों द्वारा चर्चा किया गया। विचारोपरान्त निर्णय लिया गया कि पद–सृजन से संबंधित सभी ऑकड़ों को एकत्रित प्रारूप में समीक्षा हेतु तथा अन्य मदों पर लिए गये निर्णयों को भी विचारार्थ हेतु अगली बैठक में रखी जाय। |

Scanned with OKEN Scanner

मद सं0 6. अतिरिक्त एवं अन्यान्य मद।

अतिरिक्त मद 1. डॉ0 रफिया काजिम, सहायक प्राचार्य, विश्वविद्यालय स्नातकोत्तर समाजशास्त्र विभाग को दिनांक 05.02.2024 से 05.03.2024 तक कुल 30 दिनों का असाधारण अवैतनिक अवकाश स्वीकृत हेतु अभिषद् के समक्ष प्रस्तुत।

निर्णयः **सर्वसम्मति से, डॉ0 रफिया काजिम, सहायक प्राचार्य, विश्वविद्यालय स्नातकोत्तर समाजशास्त्र विभाग को दिनांक 05.02.2024 से 05.03.2024 तक कुल 30 दिनों का असाधारण अवैतनिक अवकाश की स्वीकृति प्रदान की गयी।**

अन्यान्य मद 1. विश्वविद्यालय द्वारा डिजिटल मोड में भी परीक्षा संचालन किये जाने एवं विश्वविद्यालय के कार्यालयों को दो वर्षों में पेपरलेस किये जाने पर विचार।

निर्णयः **सर्वसम्मति से, विश्वविद्यालय द्वारा डिजिटल मोड में भी परीक्षा संचालन किये जाने एवं विश्वविद्यालय के कार्यालयों को दो वर्षों में पेपरलेस किये जाने के प्रस्ताव को स्वीकृत प्रदान की गयी। साथ ही पेपरलेस होने पर भी अंतिम रूप से संपादित कार्यो के डाक्यूमेंट को हार्डकॉपी में संधारित किये जाने की सहमति बनी।**

अन्यान्य मद 2. संबद्धन से संबंधित महाविद्यालयों के निरीक्षणदलों के प्राप्त प्रतिवेदन पर संबंध पर विचार।

निर्णयः **अध्यक्ष महोदय द्वारा सदन को अवगत कराया गया कि संबद्धन से संबंधित महाविद्यालयों के निरीक्षणदलो एवं संकायाध्यक्षों की समिति के प्रतिवेदन में संबद्धन से संबंधित की गई अनुशंसाओं में अन्तर होने के कारण संबद्धन के प्रस्ताव को तत्काल स्थगित रखा गया है एवं उसकी समीक्षा कर निर्णय लेने हेतु कुलपति महोदय को सर्वसम्मति से अधिकृत किया गया।**

अन्यान्य मद 3. श्री सुजीत कुमार पासवान ने प्रस्ताव किया कि विश्वविद्यालय में परीक्षा कार्य हेतु अपना डाटा सेंटर निर्माण किये जाने पर विचार।

निर्णयः **माननीय अध्यक्ष महोदय ने सदन को अवगत कराया कि महामहिम कुलाधिपति महोदय द्वारा आयोजित कुलपतियों के बैठक में इसके संदर्भ में चर्चा हुई है, वहॉ से यदि किसी प्रकार की दिशा–निर्देश प्राप्त होती है, तो एजेंसी से हुए अनुबंध से अलग, नये सत्र में नयी व्यवस्था किये जाने पर सहमति बनी।**

अन्यान्य मद 4. श्री गोपालजी ठाकुर द्वारा प्रस्तुत प्रस्ताव कि विश्वविद्यालय के सभी पोखरे एवं अन्य संसाधनों को चिन्हित करने पर विचार।

निर्णयः **सर्वसम्मति से, निर्णय लिया गया कि भू–सम्पदा पदाधिकारी विश्वविद्यालय के परिसम्पतियों का व्यौरा सारणीबद्ध प्रपत्र (Tabular Form) में अगली बैठक में प्रस्तुत करेंगे।**

अन्यान्य मद 5. श्री गोपालजी ठाकुर ने प्रस्ताव किया कि विश्वविद्यालय में अंतराष्ट्रीय क्रिकेट मैदान निर्माण हेतु राज्य सरकार एवं केन्द्र सरकार को प्रस्ताव दिये जाने पर विचार ।

निर्णयः **सर्वसम्मति से, विश्वविद्यालय में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैदान निर्माण हेतु राज्य सरकार एवं केन्द्र सरकार को प्रस्ताव भेजने हेतु पत्राचार किये जाने की सहमति बनी।**

अन्यान्य मद 6. श्री गोपालजी ठाकुर ने प्रस्ताव किया कि जे0के0 कॉलेज, बिरौल में तृतीय एवं चतुर्थ वर्गीय कर्मचारियों के रिक्त पदों पर नियुक्ति, खेलो इंडिया में इन्डोर स्टेडियम निर्माण एवं दूरस्थ शिक्षा निदेशालय के बी0एड0 नियमित विभाग में एम0एड0 एवं एम0ए0 शिक्षा शास्त्र का पाठ्यक्रम के संचालन से संबधित प्रस्ताव पर विचार ।

निर्णयः **माननीय अध्यक्ष महोदय द्वारा विधिसम्मत कार्रवाई करने का आश्वासन दिया गया तथा खेलो इंडिया के अन्तर्गत इन्डोर स्टेडियम निर्माण की प्रगति के संबंध में जानकारी जल्द**

Scanned with OKEN Scanner

ही उपलब्ध करने हेतु महाविद्यालय को निर्देशित किया जायेगा। साथ ही दूरस्थ शिक्षा निदेशालय के बी0एड0 नियमित विभाग में एम0एड0 एवं एम0ए0 शिक्षा शास्त्र का पाठ्यक्रम के संचालन से संबधित प्रस्ताव का अनुमोदन विद्वत् परिषद् से प्राप्त होने के उपरान्त सूचना सदन को अवगत करा दी जायेगी।

अन्यान्य मद 7. श्री गोपालजी ठाकुर एवं श्री सुजीत कुमार पासवान द्वारा प्रस्तुत प्रस्ताव में स्वर्गीय श्री परमेश्वर झा, जे0एन0 कॉलेज, नेहरा के सेवा सामंजन एवं लंबित वेतन भुगतान के संबंध में विचार ।

**निर्णयः** **सर्वसम्मति से, स्वर्गीय श्री परमेश्वर झा, जे0एन0 कॉलेज, नेहरा के सेवा सामंजन एवं लंबित वेतन भुगतान के संबंध में जॉच किये जाने हेतु एक जॉच समिति गठित करने का निर्णय लिया गया, जिसमें निम्न सदस्य नामित किए गयेः–**

1. डॉ0 दिलीप कुमार चौधरी – समन्वयक
2. प्रो0 धनेश्वर प्रसाद सिंह – सदस्य
3. डॉ अमर कुमार – सदस्य
4. श्रीमती मीना झा – सदस्य
5. श्री सुजीत पासवान – सदस्य

**जॉच समिति से अनुरोध किया गया कि 15 कार्य दिवस में जॉच प्रतिवेदन प्रस्तुत करना चाहेंगे।**

अन्यान्य मद 8. विश्वविद्यालय के स्नातकोत्तर गणित विभाग में दो वर्षीय डेटा सांईस में स्नातकोत्तर डिप्लोमा कोर्स संचालन किये जाने पर विचार ।

**निर्णयः** **सर्वसम्मति से, स्नातकोत्तर गणित विभाग में दो वर्षीय डेटा सांईस में स्नातकोत्तर डिप्लोमा कोर्स संचालन करने के प्रस्ताव को विद्वत् परिषद् से अनुशंसा के उपरान्त अग्रेत्तर कार्रवाई किये जाने पर सहमति बनी।**

अन्यान्य मद 9. डॉ0 दिलीप कुमार चौधरी ने प्रस्ताव किया कि विश्वविद्यालय के विभिन्न अधिनियम/परिनियम समिति के सदस्यों के कार्यकाल समाप्त हो चुके हैं, जिसके पुनर्गठन हेतु चुनाव कराए जाने पर विचार ।

**निर्णयः** **विभिन्न अधिनियम/परिनियम समिति के पुनर्गठन हेतु समयानुकूल चुनाव कराए जाने के लिए सर्वसम्मति से माननीय कुलपति महोदय को अधिकृत किया गया।**

अन्यान्य मद 10. डॉ0 अमर कुमार ने प्रस्ताव किया कि विश्वविद्यालय के 6 अतिथि शिक्षकों जिनके सेवा–विस्तार किसी कारण से नहीं दिया गया। उसके सेवा–विस्तार करने एवं अतिथि शिक्षकों के स्थानान्तरण पर विचार।

**निर्णयः** **विश्वविद्यालय के 6 अतिथि शिक्षकों जिनका सेवा–विस्तार किसी कारण से नहीं हो सका, नियमानुसार उस पर कार्रवाई करने हेतु माननीय कुलपति महोदय को अधिकृत किया गया।**

अन्यान्य मद 11. डॉ0 बैद्यनाथ चौधरी ने प्रस्ताव किया कि विश्वविद्यालय के शिक्षक/कर्मी के चार माह एवं अतिथि शिक्षक के 11 माह के वेतन/पेंशन/मानदेय भुगतान किये जाने पर विचार।

**निर्णयः** **राज्य सरकार से उक्त मद मे राशि प्राप्त होने के उपरान्त, नियमानुकूल भुगतान करने पर सहमती बनी।**

अन्यान्य मद 12. डॉ0 बैद्यनाथ चौधरी ने प्रस्ताव किया कि डॉ0 दिनेश झा, से0नि0 शिक्षक, मारवाड़ी महाविद्यालय, दरभंगा का बकाया भुगतान किये जाने पर विचार।

**निर्णयः** **अध्यक्ष महोदय द्वारा आश्वासन दिया गया कि डॉ0 दिनेश झा, से0नि0 शिक्षक, मारवाड़ी महाविद्यालय, दरभंगा के संचिका का अवलोकनोपरान्त नियमानुकूल भुगतान सुनिश्चित किया जाएगा।**



Scanned with OKEN Scanner

बैठक के अंत में माननीय कुलपति महोदय को राष्ट्रीय विश्वविद्यालय संघ के शासी–निकाय में सदस्य के रूप में चयनित होने पर सभी अभिषद् सदस्यों द्वारा बधाई दिया गया। तदोपरान्त, माननीय अध्यक्ष की अनुमति से कुलसचिव–सह–सचिव द्वारा माननीय सदस्यों को उनकी सहभागिता, चर्चा–परिचर्चा एवं सुझाव के लिये धन्यवाद ज्ञापित किया गया। अध्यक्ष की अनुमति से बैठक समाप्ति की घोषणा की गई।

ह0/–
(प्रो0 संजय कुमार चौधरी)
कुलपति–सह–अध्यक्ष

ह0/–
(डॉ0 अजय कुमार पंडित)
कुलसचिव–सह–सचिव

ज्ञापांक:– LB-730/24 दिनांक:– 22.02.2024

प्रतिलिपि प्रेषित:–

1. **अभिषद् के सभी माननीय सदस्य,** ल0ना0 मिथिलाविश्वविद्यालय, दरभंगा;
2. **सचिव, उच्च शिक्षा,** बिहार, पटना;
3. **निदेशक, उच्च शिक्षा,** बिहार, पटना;
4. **उप–सचिव,** राज्यपाल सचिवालय, बिहार, पटना;
5. **सभी पदाधिकारी,** ल0ना0 मिथिला विश्वविद्यालय, दरभंगा;
6. **नोडल पदाधिकारी (विश्वविद्यालय वेबसाईट),** ल0ना0 मिथिला विश्वविद्यालय, दरभंगा;
7. **कुलपति के सचिव/प्रति–कुलपति/वित्तीय परामर्शी/कुलसचिव के निजी सहायक,** ल0ना0 मिथिलाविश्वविद्यालय, दरभंगा;

को सूचनार्थ एवंआवश्यक कार्यार्थ।

22/02/2024
कुलसचिव



Scanned with OKEN Scanner